# सीमेंट कारोबारी के ठिकानों पर जीएसटी टीम का छापा

- मंडीदीप पहुंची जीएसटी की 14 सदस्यीय टीम ने ऑफिस, आवास पर दी दबिश




**मंडीदीप, 27 दिसंबर. मध्य प्रदेश के मंडीदीप में सीमेंट और सरिया के प्रमुख कारोबारी राज ट्रेडर्स पर स्टेट जीएसटी टीम ने शनिवार को छापेमारी की. 14 सदस्यीय टीम ने दोपहर करीब 3 बजे एक साथ कारोबारी के वार्ड 03 स्थित आवास और वार्ड 01 सेठ फूलचंद नगर स्थित कार्यालय पर दबिश दी.**

सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान मिले दस्तावेजों से बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी की आशंका जताई जा रही है. राज ट्रेडर्स क्षेत्र में सीमेंट और सरिया के कारोबार का बड़ा नाम है और सुपर स्टॉकिस्ट के रूप में जाना जाता है.

खबर लिखे जाने तक विभाग की सर्चिंग और जांच जारी थी. जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में गंभीर अनियमितताओं के संकेत मिले हैं. यह कार्रवाई जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विभाग की चल रही मुहिम का हिस्सा मानी जा रही है. आगे की जांच में और खुलासे होने की संभावना है.

## सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ता सुनेंगे पीएम मोदी की मन की बात

**भोपाल, 27 दिसंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद 28 दिसंबर रविवार को इंदौर ग्रामीण जिले के सांवेर विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इंदौर ग्रामीण जिले के सांवेर विधानसभा के मां क्षिप्रा मंडल के बूथ क्रमांक 98 पर प्रातः 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे. इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता अलग-अलग बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे.

## मंदिर के सामने सीवेज बहने से गंदगी

**भोपाल**. हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारी शनिवार को टीबी अस्पताल के सामने स्थित मंदिर के सामने फैली गंदगी को लेकर नाराजगी जाहिर की. हनुमान मंदिर के सामने सीवेज बहने से यहां गंदगी बनी होती है. इस मौके पर प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग लोगों ने की. समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने हनुमंदिर के सामने की गंदगी के मुद्दे पर कहा है कि यह निंदनीय है. मंदिर के सामने स्वच्छता होनी चाहिए, जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो लोग सड़कों पर उतरेंगे.

# भेल ने सौंपा मैगनेट फ्रेम कास्टिंग

**बीएचईएल संवाददाता**

**भोपाल, 27 दिसंबर. बीएचईएल, भोपाल के फाउंड्री डिवीजन में शनिवार को एक गरिमामय हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें राइट्स (RITES) के अंतर्गत मोज़ाम्बिक के लिए निर्मित डब्ल्यूडीएम 3 ए एल्कोलोकोमोटिव के लिए विकसित टीएम 4509मैगनेट फ्रेम कास्टिंग को सौंपा गया. इस अवसर पर बीएचईएल, भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने कास्टिंग का औपचारिक हस्तांतरण किया.**



समारोह में रूपेश तेलंग, महाप्रबंधक (फीडर्स एवं टीसीबी-मैन्युफैक्चरिंग, वाणिज्य एवं अनुरक्षण) तथा एस. ए. डोंगरे, महाप्रबंधक (फीडर्स) विशेष रूप से उपस्थित रहे. उपाध्याय ने फाउंड्री डिवीजन के प्रयासों की सराहना करते हुए समयबद्ध आपूर्ति, तकनीकी उत्कृष्टता एवं ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए टीम को बधाई दी. उन्होंने कर्मचारियों से निरंतर समर्पण के साथ ग्राहक विश्वास को और मजबूत करने तथा बीएचईएल के संचालन को सुदृढ़ करने का आह्वान किया.

> समारोह के दौरान अंतिम (36वीं) टीएम 4509 मैगनेट फ्रेम कास्टिंग का औपचारिक हस्तांतरण ए. के. सिंह, अपर महाप्रबंधक (फाउंड्री) द्वारा आर. के. सिंह, अपर महाप्रबंधक (टीएक्सएम) को किया गया, जिससे इस प्रतिष्ठित ऑर्डर की सफल पूर्णता सुनिश्चित हुई.



# डॉ . रज़ा एकादश बनी कॉर्पोरेट वर्ग की चैंपियन

- ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

**भोपाल, 27 दिसंबर. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता का कॉर्पोरेट ग्रुप का फाइनल मैच राफेल एकादश व डॉ रज़ा एकादश की टीमों के बीच खेला गया. राफेल एकादश के कप्तान मानव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला किया, पहले बल्लेबाजी करते हुए डॉ रज़ा एकादश ने 172/6 रन बनाए, नितेश पलिया ने 63 रन, अंबर हसन ने 33 रन, रिजवान ख़ान ने 16 और कप्तान लोकेश मालवीय ने 15 रन बनाए.**

राफ़ेल एकादश की ओर से जे पी तिवारी और शिखर नवल ने क्रमश:2-2 विकेट लिए जबकि सुशील और जितेंद्र सिंह ने एक-एक विकेट लिए .जवाबी पारी खेलते हुए राफेल एकादश की टीम 131/10 रन बनाकर आउट हो गई.

मनोज सेन ने 28 रन अंकित शर्मा 22 और जितेंद्र सिंह ने 20 रन बनाए,डॉ रज़ा एकादश की ओर से जिशान अली ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार विकेट, दीपक मालवीय ने तीन विकेट और शिवा सिंह , नितेश पलिया और अनस ने क्रमश एक -एक विकेट लिए .इस प्रकार रज़ा एकादश ने मैच को 41 रनों से जीत कर खिताब अपने नाम किया . मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए नितेश पलिया को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया .

प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच फाइनल डॉ. रजा एकादश के नितेश पलिया रहे.

# उप्र के भाजपा नेता को फांसी देने की मांग

## महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**बैरसिया, 27 दिसंबर. जिला महिला कांग्रेस भोपाल ग्रामीण की अध्यक्ष अनिता शर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी बैरसिया को ज्ञापन सौंपा. महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को उत्तरप्रदेश भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को नाबालिग बच्ची के बलात्कार के आरोप में उम्र कैद की सजा हुई थी.**




इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा आरोपी को जमानत दिए जाने के विरोध में बड़ी संख्या में एकत्रित महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी बैरसिया को ज्ञापन सौपा एवं पीड़िता सहित उसके परिजनों को न्याय दिलाने के लिए बलात्कारी भाजपा नेता सेंगर की जमानत रद्द करने और फांसी देने की मांग की. इस अवसर पर बैरसिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, भोपाल जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लोकेश दांगी, पूर्व पार्षद रघु यादव, लोकेश यादव, एडवोकेट हनीफ खान, अंकुर राणा, राम कन्हैया सूर्यवंशी, विक्रम नरवरिया, वीरेंद्र कुशवाहा, हरी अहिरवार, महिला कांग्रेस की अनीता उइके , ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस आफरीन बी, रानू शर्मा, सरोज शर्मा, पूनम शर्मा, अर्चना पाल आदि मौजूद रहे.

# खंडेलवाल दिवंगत कर्मचारी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 दिसंबर. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय के कर्मचारी जयप्रकाश चौरसिया के निधन का समाचार मिलने पर अपने सारे कार्यक्रम निरस्त कर दिए और दिवंगत कर्मचारी के परिजनों के बीच पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाया.**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में लंबे समय से सेवारत जयप्रकाश चौरसिया का शनिवार को निधन की सूचना मिलने पर अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम निरस्त कर दिये. प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद दिवंगत कर्मचारी जयप्रकाश चौरसिया के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी. उन्होंने स्व. जयप्रकाश चौरसिया की सेवाओं की सराहना की.

खण्डेलवाल ने कहा कि जयप्रकाश चौरसिया भले ही साधारण पद पर रहे हों, लेकिन उनका योगदान असाधारण था. भाजपा संगठन उनके उपचार के दौरान हमेशा मदद की और साथ खड़ा रहा. आगे भी भाजपा उनके परिजनों की चिंता परिवार की तरह करेगी.

## भावांतर योजना के तहत आज 810 करोड़ की राशि अंतरित करेंगे सीएम

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को रतलाम जिले के शासकीय भगत सिंह महाविद्यालय जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय सोयाबीन भावांतर योजना कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3.77 लाख किसानों के खातों में 810 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे. भावांतर योजना में अब तक 6.44 किसानों को 1292 करोड़ रुपये अंतरित किये जा चुके हैं. कार्यक्रम में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्राम सुजापुर में पूर्व सांसद डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे.

# मंत्री सारंग ने की अपने जन्मदिन पर पौधरोपण की अपील

- कहा- पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को करें सशक्त
- पर्यावरण का संरक्षण करना सभी का दायित्व

**भोपाल, 27 दिसंबर. सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं से अपना जन्मदिन वर्चुअल और सादगीपूर्ण मनाने की अपील की है.**



मंत्री सारंग ने सभी से आग्रह किया कि जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पेड़ लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सशक्त करें. उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है और आज के समय में हर नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए.

मंत्री सारंग ने कहा कि इस वर्ष भी वे अपना जन्मदिन वर्चुअल तरीके से मनाएंगे. सभी शुभचिंतकों से उन्होंने अनुरोध किया कि वे अपनी शुभकामनाएं सोशल मीडिया प्लेटफार्म, वर्चुअल माध्यम से ही भेजें.

## सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण दो छात्र घायल

**बेगमगंज.** नगर में नगरपालिका कार्यालय के सामने सड़क पर खड़े एक ट्राले के कारण स्कूटी से ओवरटेक करते समय हुई टक्कर से दो नाबालिग घायल हो गए.शनिवार को स्कूटी पर सवार छात्र नेक सिंघई पिता मनीष सिंघई 14 वर्ष एवं गाथा सिंघई पिता मयंक सिंघई 15 वर्ष जा रहे थे. नगरपालिका कार्यालय के सामने एक ट्राला क्र.एमपी 38 जी 0207 खड़ा था जिसके कारण सड़क पर पूरी तरह का साइड नहीं दिख रहा था. ऐसे में स्कूटी सवार दोनों नाबालिग छात्र ने स्कूटी को ओवरटेक किया. वाहन क्रासिंग होते ही उसकी दूसरे वाहन से टक्कर हो गई.

# बालिकाओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**मण्डीदीप, 27 दिसंबर. औद्योगिक नगर में सेवा समिति द्वारा समाज में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए, आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शनिवार को समाजसेवी देवेंद्र अजमेरा, संजय मगरदे, अनंत मालवी, दुर्गा चौहान, अविनेश जैन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया.**




सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने बताया कि महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सेवा समिति द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं. जहां लड़कियों और महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जा रही हैं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ हर परिस्थिति का सामना कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें. यह कार्यक्रम आज के परिवेश में महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें आत्मविश्वास विकसित करने की दिशा में एक आवश्यक और सराहनीय कदम है, ताकि वे आपात स्थिति में स्वयं की रक्षा कर सकें. इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को आवश्यक आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करना है. इस दौरान समाजसेवी देवेन्द्र अजमेरा, अंनत मालवीय, संजय मगरदे ने कहा कि महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाकर सशक्त बनाना, उन्हें मानसिक रूप से मज़बूत करना और आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है.

> यह पहल न केवल महिलाओं को शारीरिक रूप से सुरक्षित रहने के तरीके सिखाती है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाती है. इस तरह के प्रयास समाज में सुरक्षा और जागरूकता के माहौल को बढ़ावा देते हैं.इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही.


### Name Change

It is for general information that I, Kartik Kushwah S/o Satyapal Singh R/o Rajput Bhawan, Hanuman Colony, Guna, Madhya Pradesh-473001 declare that name of my father has been wrongly written as S S Kushwah in my 10th Class Educational Documents. The actual name of my father is SATYAPAL SINGH KUSHWAH.


# 4 दिन में संपत्ति कर जमा नहीं तो लगेगा अधिभार

## निगम प्रशासन ने की करदाताओं से अपील

**भोपाल, 27 दिसंबर. निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वर्ष 2025 में बिना छूट व बिना अधिभार के संपत्तिकर जमा करने के लिए 4 दिन शेष हैं. इन दिनों में वर्तमान वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा कराएं और अधिभार से बचें. निगम द्वारा संपत्तिकर एवं अन्य देय करों की राशि 20 हजार रूपये से अधिक होने पर 01 जनवरी 2026 से 03 प्रतिशत अधिभार की राशि भी वसूल की जायेगी.**




नगर निगम, भोपाल द्वारा ऐसे करदाता जिनकी संपत्तिकर एवं अन्य देय करों की राशि 20 हजार रूपये से अधिक है से 03 प्रतिशत अधिभार लिया जायेगा, जिन करदाताओं के संपत्तिकर एवं अन्य देय करों की राशि 20 हजार रूपये से कम है. उन्हें संपत्तिकर में न कोई छूट दी जायेगी और न कोई अधिभार लिया जायेगा. 20 हजार रूपये से अधिक संपत्तिकर दाताओं से 03 प्रतिशत की राशि केवल चालू वर्ष के संपत्तिकर पर माह की प्रथम तारीख से प्राप्त की जायेगी. नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर की राशि का भुगतान 31 अगस्त 2025 तक करने वाले करदाताओं को 06 प्रतिशत की छूट दी गई और इस अवधि में कोई अधिभार नहीं लिया गया. इसके उपरांत 01 सितम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक संपत्तिकर पर न कोई छूट दी गई और न ही किसी प्रकार का अधिभार लिया गया. निगम द्वारा चालू वित्तीय वर्ष से पूर्व की बकाया संपत्तिकर की राशियों पर 15 प्रतिशत वार्षिक दर से अधिभार अधिरोपित किया जायेगा.


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं दीप्ति कुशवाहा पत्नि श्री लक्ष्मीनारायण मिश्रा आयु वयस्क, निवासी म.नं 175, बी. एम.कंपनी के पास, अभिनंदन नगर रजाखेड़ी मकरोनिया जिला सागर (म.प्र.) यह कि मेरा विवाह दिनांक 06.03.2025 को श्री लक्ष्मीनारायण मिश्रा आत्मज श्री जगदीश प्रसाद मिश्रा आयु 39 वर्ष, निवासी-म.नं 175, बी. एम. कंपनी के पास, अभिनंदन नगर रजाखेड़ी मकरोनिया जिला सागर (म. प्र. ) के साथ संपन्न हुआ है। यह कि विवाह उपरांत मैं अपना नाम दीप्ति कुशवाहा से मेरे पति के उपनाम अनुसार करना चाहती हूं जो कि दीप्ति मिश्रा किया जा रहा हैं, भविष्य में मेरा नाम दीप्ति मिश्रा पत्नि श्री लक्ष्मीनारायण मिश्रा से जाना पहचाना जावे एवं समस्त शासकीय, अशासकीय विभागों में भी संशोधित नाम ही मान्य होगा।

### Name Change

I PRIYA NAIDU BHEDIYA D/O Late S. KRISHNAN hereby declare that after my marriage I have changed my name from KRISHNAN PRIYA NAIDU to PRIYA NAIDU BHEDIYA for all purposes
Adress - D-86, Regal Homes, Khajuri Kalan, Piplani, BHEL, BHOPAL - 462022


## पेज 1 का शेष

# अटल जी के जन्मशती वर्ष में एमपी का अभ्युदय

एवं भूमिपूजन किया तथा 12 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ वितरित किए. उन्होंने कहा कि सतना शहर के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है. सतना एयरपोर्ट के रनवे का विस्तार कर उसे 1800 मीटर तक बढ़ाया जाएगा, जिससे भविष्य में बड़े विमानों का संचालन संभव हो सकेगा.

इसके साथ ही वर्ष 2026 से प्रदेश में छोटे-बड़े शहरों के लिए सरकारी बस सेवा प्रारंभ की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड को अब 'भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराज्यीय बस स्टैंड' के नाम से जाना जाएगा. उन्होंने कहा कि अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक थे और उनका जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए प्रेरणास्रोत है.

अटल जी के जन्मशती वर्ष में मध्यप्रदेश का यथार्थवादी विकास किया जा रहा है, जिसमें गरीब, महिला, युवा और किसानों का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 जनवरी तक बरगी नहर की टनल का कार्य पूर्ण कर सतना के किसानों को नर्मदा का जल उपलब्ध कराया जाएगा. इससे 1.45 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी. केन नदी का जल मंदाकिनी तक पहुंचाकर उसे सदानीरा बनाने की योजना भी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है.

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर म .प्र .
### दूल्हा बादशाह रोड, सीहोर, फोन नं . 07562-222701

निविदा सूचना क्रमांक 16/2025-26 | दिनांक 23/12/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं . उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है .

| क्र. | टेंडर आईडी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | इलेक्ट्रानिक ईएमडी (RTGS/ NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाइन ही प्रस्तुत किए जाएं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ PWDRB_ 470258_1 | सीहोर | भवन मरम्मत कार्य | लो .नि .वि . उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत न्यायालय आष्टा में सर्वर रूम में मरम्मत कार्य . | प्रथम कॉल | 1.96 | केवल ऑनलाइन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा . निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 7/1/2026 ( 17 .30 ) बजे निर्धारित है . विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है . निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा . पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा .

कार्यपालन यंत्री
G23432/25
लो .नि .वि . सं . सीहोर, म .प्र ., फोन नं . 07562-222701

### In The Court Of XII Additional District Judge, District Court, Bhopal

**Presiding Officer : जयंत शर्मा**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000218/2025)
श्रीमती कविता चौधरी....................आवेदक
Vs
श्री सुनील चौधरी....................... अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 10.02.2026
प्रेषिती-
(1) सर्वसाधारण पता-सर्वसाधारण
(2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कविता चौधरी ने मृतिका सुशीला चौधरी w/o प्रभाकर चौधरी निवासी 65-A अंबेड्कर नगर भोपाल हुजूर भोपाल की अचल सम्पति दिनाक 05.02.19 अनुसार शेड नम्बर 65-अ अंबेडकर नगर भोपाल राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 February 2026 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 15 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई।
न्यायाधीश-जयंत शर्मा
बारहवे जिला न्यायाधीश जिला भोपाल (म.प्र.)

### पश्चिम मध्य रेल
#### ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः- **निविदा संख्याः** विद्युत-सा.-भो-नि.-63-2025, **कार्य का नामः** भाग (A): 200 WAG-9 लोकोमोटिव को रखने के लिए इटारसी डीजल लोको शेड की क्षमता बढ़ाना। (इलेक्ट्रिकल काम) भाग (B): इटारसी - स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए FOB को शिफ्ट करने से संबंधित इलेक्ट्रिकल काम। (इलेक्ट्रिकल काम), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 6 माह, **अनुमानित लागत ₹ः** ₹ 3,14,59,504.05, **अग्रिम राशि ₹ः** ₹ 3,07,300.00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 08.01.2026 11:00 Hrs., **नोटः** 1. संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो बेवसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। 2. ठेकेदार को निविदा में भाग लेने की पात्रता जानने के लिए एवं निविदा के साथ संलग्न करने दस्तावेज जानने के लिए IREPS पर अपलोड किए गए सभी निविदा दस्तावेजों को सभी शर्तो के साथ ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों आदि को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सामान्य)
रानी कमलापति स्टेशन के समीप
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर